Model Question Paper

भाग "अ"

मानसिक योग्यता

1. श्याम बिन्दु "क" से 5 किमी पूरब की ओर चलकर बिन्दु "ख" पर पहुंचा। वहां से दाये वह 3 यह 3 3 किमी चला और बिन्दु "ग" तक पहुचा। फिर वह बायें को मुड़ा और चलकर बिन्दु "घ" तक पहुंचा। तक पहुंचा। इस तरह

   अ बिन्दु "घ" बिन्दु "ग" से 2 किमी. पूर्व में है।

   ब बिन्दु "घ" बिन्दु "ख" से 2 किमी. पूर्व में है।

   स बिन्दु "घ" बिन्दु "क" से 2 किमी. पूर्व में है।

   द बिन्दु "घ" बिन्दु "ग" से 2 किमी. पश्चिम में है।

2. यदि किसी संकेत भाषा में SOHAN को RPGBM लिखा जाता है तो उसी संकेत भाषा में RATAN को कैसे लिखा जायेगा।

   अ. SBSBM ब. QBSAM
   स. QZSZM द. QBSBM

3. निम्नलिखित संख्यामाला से अगली सख्या बताइयेः

   3,5,7,11,13,17.....

   अ. 19 ब. 25
   स. 21 द. 23

4. जेकब ने 450 किमी. की यात्रा रेल से 9 घंटे में तय की। रहमान ने 280 किमी. की यात्र से 7 में घंटे में की। राम ने ट्रक से 240 किमी. की दूरी 4 घंटे में सम्पन्न की, जबकि ने कार द्वारा 140 km.- दूरी यात्रा 2 घंटे में समाप्त की। इनमें से किसने सर्वाधिक तीव्र से यात्रा की

   अ जेकब ब रहमान
   स राम द माला

5. नीचे दी हुई अक्षर माला में कुछ रिक्त स्थान है

   p-qqr-ppq-rrp-qprr

   रिक्ताक्षरों का उसी क्रम में पता लगावेंः

   अ. qprp ब. prqp
   स. pqqr द. qpqp

6. जो संबंध गाय का बछड़े से है, वही संबंध मुर्गी का.....से हैः

   अ. माँ ब. अण्डे
   स. घास द. चूजे

प्रश्न 7 से 8 निम्नांकित रेखाचित्र पर आधारित हैः

जब आयत महिलाओं का द्योतक है।
त्रिभुज शिक्षित का द्योतक है।
वृत रोजगार का द्योतक है।



7. कौनसी संख्या ऐसी महिलाओं की द्योतक है, जो शिक्षित है परन्तु बेरोजगार हैः

   अ 1 ब 2
   स 3 द 4

8. कौनसी संख्या बेराजगार महिलाओं की द्योतक हैः

   अ. 1 ब 1 और 2
   स 2 और 7 द 2 और 3

भाग "ब"

अभिवृति एवं अभिरूचि परीक्षा

1. यदि कोई दूसरों के व्यवहार पर प्रभाव डालना चाहता हो तो वह दूसरों के व्यवहार देखेगा और उनकी बात सुनेगा।

   अ अभी नहीं ब कभी–कभी
   स कहना कठिन है द हाँ

2. दूसरों पर प्रभाव डालना हो तो व्यक्ति को पहले विचार निश्चयपूर्वक प्रस्तुत करने चाहिए।

   अ हाँ ब कभी–कभी
   स कहना कठिन है द नहीं

3. यदि दूसरों को प्रोत्साहित करना हो तो पहले देखना आवश्यक है कि दूसरा कार्य तैयार है या नही।

   अ सदैव ब प्रायः
   स नहीं द संभवतः

भाग "स"

सामान्य ज्ञान

1. दुनिया का सबसे पुराना स्टेडियम पाया गया हैः

   अ लोथल में ब धोलावीरा में
   स रंगपुर में द हड़प्पा में

2. जिस आकाशगंगा (गैलेक्सी) में पृथ्वी स्थित है, उसका नाम है

   अ देवयानी ब उर्सा मेजर
   स उर्सा माइनर द मन्दाकिनी

3. सन् 1991 का नोबेल शान्ति पुरस्कार मिला थाः

   अ दलाई नामा को ब सू ची आंग सान को
   स गोर्वाचेव को द रिगोबर्टा को

4. अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है

   अ 28 फरवरी को ब 8 मार्च को
   स 8 अप्रैल को द 10 मार्च को

5. राजस्थान से मैग्सेसे पुरस्कार पाने वाली श्रीमती अरूणा राय.....है।

   अ प्रथम व्यक्ति ब द्वितीय व्यक्ति
   स तृतीय व्यक्ति द चतुर्थ व्यक्ति

6. चम्बल नदी का उद्गम स्थान किस राज्य में है?

   अ गुजरात ब मध्यप्रदेश
   स राजस्थान द महाराष्ट्र

भाग "द"

भाषा–कौशल (हिन्दी)

1. भारी सन्दूक में भारी का विलोम हैः

   अ छोटा ब खाली
   स हल्का द पतला

2. तर्कसंगत का पता लगाइये

   अ पवित्र ब निर्मल
   स शुद्ध द मोहक

3. शुद्ध वर्तनी किसमें है?

   अ अन्तरदेशीय ब अन्तर्देशीय
   स अनतर्देषीय द अन्तर्देषिय

4. राम ने खाना खाया। वह कॉलेज चला गया। ऊपर लिखे दोनों वाक्यों को मिलाकर वाक्य बनाया गया है। बताओ नीचे लिखे वाक्यों में कौन सा वाक्य ठीक हैः

   अ खाना खाते हुए राम कॉलेज चला गया।
   ब राम कॉलेज चला गया खाना खाकर ।
   स कॉलेज चला गया राम खाना खाकर ।
   द खाना खाकर राम कॉलेज चला गया ।

5. उसकी इच्छा के विपरीत कमला के पिता ने उसे नौकरी छोडने के लिए.....

   अ मजबूर किया ब सलाह दी
   स प्रोत्साहन दिया द विनती की

6. आग बबूला हो जाना का अर्थ हैः

   अ आग में कूद पड़ना ब क्रोध में पागल होजाना
   स आग को तेज करना द आग को रोकना

' नीचे दिये गद्यांश को पढ़ो और उसके आधार पर प्रश्न 7 और 8 के उत्तर दो ।

बहुत समय के बाद मनुष्य ने एक ऐसी चीज का अविष्कार किया, जिसने दुनिया में यातायात के तौर–तरीके ही बदल दिये। यह पहिया था, वह पहिया जिसे तुम बैलगाडी, बाईसिकिल, बस और ट्रेन में लगा देखते हो। आज तक एक ऐसी मामूली चीज मालूम होती है कि लोग इस एक बहुत बडा अविष्कार नहीं मानते किन्तु मनुष्य को इस छोटी–सी चीज को बनाने और उसकी उपयोगिता को समझने में काफी समय लगा। पहले मनुष्य और जानवारो को भारी बोझ ढोना पडता था। तुम अच्छी तरह कल्पना कर सकते हो कि वह कितना कठिन था। तब किसी ने देखा होगा कि एक गोल वस्तु चौरस वस्तु की अपेक्षा तेजी से आगे जाती है। पहली गाडी अवश्य ही एक लकडी के लट्ठे के समान दिखाई देती होगी, जिसको लकडी के गोल टुकडे लगे होंगे।आज यदि हमारे जीवन से पहिये को हटा दिया जाये, तो हमारी पूरी सभ्यता ही रूक जायेगी।

7. आज पहिया एक महत्वपूर्ण अविष्कार नहीं लगता, क्योंकिः

   अ पहिये का प्रयोग हाल में ही प्रारम्भ हुआ।
   ब इसका अविष्कार बहुत समय पूर्व हुआ ।
   स अब इसका प्रयोग आम बात है।
   द सभी गाड़ियों में पहिये होते है।

8. यदि पहिये को हमारे जीवन से हटा दिया जाये तोः

   अ मनुष्य बिल्कुल गतिहीन हो जायेगा।
   ब हमारे पास कोई काम नहीं रह जाएगा।
   स वर्तमान सभ्यता समाप्त हो जाएगी।
   द जीवन बहुत जोखिम भरा हो जायेगा।

SECTION "D"